**Series : ABAB4/3**

**SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/3/2**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** (**मानचित्र** सहित) हैं ।
Please check that this question paper contains **12** printed pages (Including **Map**).

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. *

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे*
*Time allowed : **2** hours*

*अधिकतम अंक : **35***
*Maximum Marks : **35***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्नपत्र में कुल **10** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – क, ख, ग, घ तथा ङ ।*

*(iv)* *खण्ड – **क** : प्रश्न संख्या **1** से **3** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।*

*(v)* *खण्ड – **ख** : प्रश्न संख्या **4** स्रोत आधारित प्रश्न है जो कि **3** अंकों का है ।*

*(vi)* *खण्ड – **ग** : प्रश्न संख्या **5** और **6** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *खण्ड – **घ** : प्रश्न संख्या **7** से **9** दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *खण्ड – **ङ** : प्रश्न संख्या **10** मानचित्र आधारित प्रश्न है, यह प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । इस प्रकार के प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखिए ।*

*

## खण्ड – क

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

प्र. सं. **1** से **3**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **3 × 2 = 6**

1. "परिवहन मनुष्य की गतिशीलता की मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने हेतु निर्मित एक संगठित उद्योग है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । **2**

2. उद्योगों के लिए 'प्रौद्योगिकीय नवाचार' क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए । **2**

3. (क) भारत में सौर ऊर्जा की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **½ × 4 = 2**

**अथवा**

(ख) भारत में ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोतों की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **½ × 4 = 2**

### *General Instructions :*

***Please read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *The question paper contains **10** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *This question paper is divided into **Five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iv)* *Section **A** - Question numbers **1** to **3** are very Short answer type questions carrying **2** marks each.*

*(v)* *Section **B** - Question number **4** is Source Based question carrying **3** marks.*

*(vi)* *Section **C** - Question numbers **5** and **6** are Short answer type questions carrying **3** marks each.*

*(vii)* *Section **D** - Question numbers **7** to **9** are Long answer type questions carrying **5** marks each.*

*(viii)* *Section **E** - Question number **10** is **map** based question carry **5** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

## SECTION – A

### (Very Short Answer Questions)

Q. Nos. **1** to **3**.

Attempt **all** questions. **3 × 2 = 6**

1. "Transport is an organised industry created to satisfy man's basic need of mobility." Support the statement. **2**

2. Why is 'technological innovation' essential for industries ? Explain. **2**

3. (a) Mention any four features of 'Solar energy' in India. **½ × 4 = 2**

**OR**

(b) Mention any four characteristics of non-conventional sources of energy in India. **½ × 4 = 2**

**खण्ड – ख**

(स्रोत आधारित प्रश्न)

4. निम्नलिखित स्रोत का पठन कीजिए और दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **1 × 3 = 3**

भरमौर जनजातीय क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया 1970 के दशक में शुरू हुई जब गद्दी लोगों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किया गया । 1974 में पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत जनजातीय उप-योजना प्रारंभ हुई और भरमौर को हिमाचल प्रदेश में पाँच में से एक समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आई.टी.डी.पी.) का दर्जा मिला । इस क्षेत्र विकास योजना का उद्देश्य गद्दियों के जीवन स्तर में सुधार करना और भरमौर तथा हिमाचल प्रदेश के अन्य भागों के बीच में विकास के स्तर में अंतर को कम करना है । इस योजना के अंतर्गत परिवहन तथा संचार, कृषि और इससे संबंधित क्रियाओं तथा सामाजिक व सामुदायिक सेवाओं के विकास को सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई ।

इस क्षेत्र में जनजातीय समन्वित विकास उपयोजना का सबसे महत्वपूर्ण योगदान विद्यालयों, जन स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल, सड़कों, संचार और विद्युत के रूप में अवसंरचना विकास है । परंतु होली और खणी क्षेत्रों में रावी नदी के साथ बसे गाँव अवसंरचना विकास से सबसे अधिक लाभान्वित हुए हैं । तुंदाह और कुगती क्षेत्रों के दूरदराज के गाँव अभी भी इस विकास की परिधि से बाहर हैं ।

4.1 किसी क्षेत्र के समन्वित विकास के लिए अवसंरचनात्मक सुविधाओं को विकसित करना क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए ।

4.2 भरमौर क्षेत्र में 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना' के प्रमुख उद्देश्य का उल्लेख कीजिए ।

4.3 इस क्षेत्र में जनजातीय विकास उप-योजना के परिणाम को स्पष्ट कीजिए ।

## SECTION – B

**(Source Based Question)**

4. Read the following source and answer the given questions : **1 × 3 = 3**

The process of development of tribal area of Bharmaur started in 1970s when Gaddis were included among 'scheduled tribes'. Under the Fifth Five Year Plan, the tribal sub-plan was introduced in 1974 and Bharmaur was designated as one of the five Integrated Tribal Development Projects (ITDP) in Himachal Pradesh. This area development plan was aimed at improving the quality of life of the Gaddis and narrowing the gap in the level of development between Bharmaur and other areas of Himachal Pradesh. This plan laid the highest priority on development of transport and communications, agriculture and allied activities, and social and community services.

The most significant contribution of tribal development sub-plan in Bharmaur region is the development of infrastructure in terms of schools, healthcare facilities, potable water, roads, communications and electricity. But the villages located along the river Ravi in Holi and Khani areas are the main beneficiaries of infrastructural development. The remote villages in Tundah and Kugti areas still do not have sufficient infrastructure.

4.1 Why is it necessary to develop infrastructural facilities for integrated development of a region ? Explain.

4.2 Mention the main objective of 'integrated tribal development project' in Bharmaur region.

4.3 Explain the outcome of tribal development sub-plan in this region.

## खण्ड – ग

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

**प्रश्न संख्या 5 व 6.** **3 × 2 = 6**

5\. (क) बड़े पैमाने के उद्योग किस प्रकार कुटीर उद्योग से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए। **3 × 1 = 3**

**अथवा**

(ख) छोटे पैमाने के (लघु) उद्योग किस प्रकार घरेलू उद्योग से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए। **3 × 1 = 3**

6\. "भारत विश्व में चिकित्सा पर्यटन में अग्रणी देश बनकर उभरा है।" इस कथन की परख कीजिए। **3 × 1 = 3**

## खण्ड – घ

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**प्रश्न संख्या 7 से 9** **5 × 3 = 15**

7\. (क) "विश्व में छोटी दूरियों के लिए सड़क परिवहन रेल परिवहन की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से लाभदायक होते हैं।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5 × 1 = 5**

**अथवा**

(ख) परिवहन की एक विधा के रूप में जल परिवहन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **5 × 1 = 5**

8\. "भारत की अर्थव्यवस्था के परिवहन सेक्टर में महासागरीय मार्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है।" इस कथन की परख कीजिए। **5 × 1 = 5**

9\. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर जनसंख्या प्रवाह के लिए जिम्मेदार किन्हीं पाँच कारकों की परख कीजिए। **5 × 1 = 5**

## SECTION – C

## (Short Answer Questions)

**Q. Nos. 5 & 6.** **3 × 2 = 6**

5. (a) How are large scale industries different from cottage industries ? Explain. **3 × 1 = 3**

**OR**

(b) How are small scale industries different from household industries ? Explain. **3 × 1 = 3**

6. "India has emerged as the leading country of medical tourism in the world." Examine the statement. **3 × 1 = 3**

## SECTION – D

## (Long Answer Questions)

**Q. Nos. 7 to 9.** **5 × 3 = 15**

7. (a) "Road transport is the most economical for short distances compared to railways in the world." Support the statement. **5 × 1 = 5**

**OR**

(b) Explain the importance of waterways as a mode of transportation. **5 × 1 = 5**

8. "Oceanic routes play an important role in the transport sector of India's economy." Examine the statement. **5 × 1 = 5**

9. Examine any five factors which are responsible for population flow from rural to urban areas in India. **5 × 1 = 5**

**खण्ड – ङ**

**(मानचित्र)**

10. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** 'भौगोलिक लक्षणों' को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **1 × 5 = 5**

10.1 रानीगंज – कोयले की खानें

10.2 बालाघाट – मैंगनीज़ की खानें

10.3 खेतड़ी – ताँबे की खानें

10.4 जामनगर – तेल शोधन कारखाना

10.5 उत्तर–दक्षिण गलियारे का दक्षिणतम स्टेशन

10.6 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़ा सबसे पूर्वी महानगर

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर हैं। **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **1 × 5 = 5**

10.1 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ रानीगंज कोयले की खानें स्थित हैं।

10.2 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बालाघाट मैंगनीज की खानें स्थित हैं।

10.3 कर्नाटक स्थित किसी एक लौह अयस्क की खानों के स्थान का नाम लिखिए।

10.4 उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मथुरा तेल शोधन कारखाना है।

10.5 उत्तर–दक्षिण गलियारे के सबसे दक्षिण के स्टेशन का नाम लिखिए।

10.6 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़े सबसे पूर्वी महानगर का नाम लिखिए।

---

**SECTION – E**

## (MAP)

10. On the given political outline map of India, locate and label any **five** from the following Geographical features with appropriate symbols : **1 × 5 = 5**

10.1 Raniganj – Coal mines

10.2 Balaghat – Manganese mines

10.3 Khetri – Copper mines

10.4 Jamnagar – Oil refineries.

10.5 The southern-most station of North-South Corridor.

10.6 The eastern-most metropolitan city connected by golden quadrilateral.

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Qn. **10**. Attempt any **five**. **1 × 5 = 5**

10.1 Name the state where Raniganj coal mines are located.

10.2 Name the state where Balaghat Manganese mines are located in Karnataka.

10.3 Name any place of iron ore mines in Karnataka.

10.4 Name the state where Mathura refinery is located.

10.5 Name the southernmost station of North-South Corridor.

10.6 Name the eastern-most metropolitan city connected by 'golden quadrilateral'.

प्रश्न सं. **10** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **10**




Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

*